will approve STD/ISD public telephone from the applications. The Committee will meet at least once in two months for this purpose.

Deterioration of Speed Post Service

27. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether there has been a deterioration in the "Speed Post" service;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps being taken to improve speed post service in the coming year?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) Excepting occasional complaints of delay in delivery, inevitable in handling of a large number of Speed Post articles, there has been no report or evidence of, deterioration in the 'Speed Post' service.

(c) (i) Establishment of specialised Business Offices in important Speed Post Centres.

(ii) Strengthening of monitoring to ensure efficient functioning.

(iii) Provision of modern equipment like Track-and Trace system.

मध्य प्रदेश की ग्राम-पंचायतों में डाकघर

28. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में कुल कितनी ग्राम पंचायतें है;

(ख) उपर्युक्त ग्राम-पंचायतों में से कितनी ग्राम-पंचायतों में दिसम्बर, 1993 तक डाकघर खोल दिए गए हैं; और

(ग) शेष ग्राम-पंचायतों में कब तक डाकघर खोल दिए जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) और (ख) मध्य प्रदेश में 22,996 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से दिसम्बर, 1993 तक 10,064 ग्राम पंचायतों में डाकघर खोले जा चुके है।

(ग) क्रमिक वार्षिक योजनाओं के अंतर्गत डाकघर उत्तरोत्तर रूप से खोले जाते हैं, बशर्ते कि दूरी, जनसंख्या और आय संबंधी निर्धारित मानदंड पूरे होते हों। उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाली ग्राम पंचायतों में डाकघर खोले जायेंगे बशर्ते कि धनराशि उपलब्ध हो और लक्ष्यों का आबंटन किया जा चुका हो।

दूरसंचार के लिए निर्माण कार्य

29. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में दूरसंचार से सम्बन्धित निर्माण-कार्य ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) किन-किन कारणों से दूर संचार के लिए इस काम को ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है;

(घ) राज्य में उक्त निर्माण कार्य के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है;

(ङ) क्या यह भी सच है कि ये ठेकेदार सम्बन्धित अधिकारियों के रिश्तेदार होते हैं; और

(च) इस सम्बन्ध में कारणों का पता लगाने के लिए क्या प्रयास किये गये हैं और उसके क्या परिणाम निकले हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां।

(ख) विभागीय भवनों, स्टाफ क्वार्टरों और केबिल डक्टों का निर्माण तथा संचारण टावरों आदि के लिए नींव डालना।

(ग) मुख्यतः कर्मचारियों की कमी के कारण।

(घ) से (च) फील्ड यूनिटों से सूचना एकत्र की जा रही है। इसे पृथक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।